Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up 'Electric Loco Periodical Overhaul Workshop' and 'Railway Concrete Sleeper Manufacturing Unit' in Kalahandi Parliamentary Constituency, Odisha -laid.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मेरा संसदीय क्षेत्र कालाहांडी देश का बहुत बड़ा पिछड़ा क्षेत्र है, जो आज भी कई सुविधाओं से वंचित है। लोग काम के अभाव में राज्य को छोडकर दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं। मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि केन्द्रीय सरकार ने मेरे क्षेत्र कालाहांडी के नरला विधानसभा में एक नई रेलवे परियोजना "इलेक्ट्रिक लोको पेरिओडिकल ओवरहालिंग वर्कशॉप" की मंजूरी दी है। लेकिन अब तक कार्य आरंभ नहीं हुआ है। माननीय रेल मंत्री से मैं यह भी आग्रह करना चाहूँगा कि नुआपाड़ा रेलवे स्टेशन के पास "रेलवे कंक्रीट स्लीपर मैनुफेक्चुरिंग इकाई" स्थापित करने की कृपा करें।

मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इन दोनों कार्यों को संज्ञान में लिया जाए और जल्द से जल्द कार्य आरंभ करने की कृपा करें ताकि एक उद्योग की भी शुरुआत हो जाए और रोजगार का भी सृजन हो सकें। भारत को आत्मनिर्भर बनाने की तर्ज पर और नए रोजगार स्थापित करने के लिए यह दोनों कार्य बहुत ही आवश्यक हैं।